**Title:** Need to increase the capacity of Alkalide Factory in Neemuch district of Madhya Pradesh.

**डॉ0 लक्ष्मीनारायण पाण्डेय ( मंदसौर ):** वर्तमान में मध्य प्रदेश के नीमच जिले में " अल्कलाइड फैक्ट्री " कार्यरत है, तथा कोडिन व अन्य सह-उत्पादों में लगी हुई है। यद्यपि फैक्ट्री दो पालियो ( शिफ्ट ) में चल रही है, तथापि यहां ओपियम फैक्ट्री होने व अफीम उत्पादक कच्चा माल क्षेत्र होने से इतना उपलब्ध है कि इस फैक्ट्री को विस्तारित किया जाकर विभिन्न आवश्यक कोडिन व अन्य सहउत्पाद प्राप्त कर सकते हैं। कोडिन का उत्पादन न केवल विदेश मुद्रा की बचत करता है, वहीं यदि इसका उत्पादन और बढ़ता है तो हम आवश्यकता पर आयात करने के स्थान पर निर्यात कर विदेशी मुद्रा प्राप्त कर सकते हैं। इसकी आवश्यकता को देखकर वर्तमान में फैक्ट्री दो शिफ्टों में चलायी जा रही है।

अतः मेरा वित्त मंत्री महोदय से अनुरोध है कि इस फैक्ट्री को विस्तारित किया जावे, जिससे हजारो किसान जहां इससे लाभान्वित होंगे, वहीं उनकी आय बढ़ेगी तथा श्रमिकों को काम मिलकर बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा की बचत व अर्जन कर सकेंगे।